## खबर संक्षेप

### वार्ड 14 में 6 महीने से गंदे पानी की सप्लाई, रहवासी परेशान

**मैहर।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 14 में पिछले 6 महीनों से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई से लोग परेशान हैं। कांग्रेस पार्षद मंजू गुप्ता के नेतृत्व में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। रहवासियों का आरोप है कि इस गंदे पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और कई लोग बीमार हो रहे हैं। उनका कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं।

### जिला अस्पताल में लापरवाही का आरोप, डॉक्टर पर भड़के परिजन

**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में डॉक्टरों की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। इमरजेंसी यूनिट से आने वाले गंभीर रूप से बीमार बच्चों को देखने से डॉक्टर सुरेश प्रजापति और डॉक्टर सुनील के इनकार करने के आरोप लगे हैं। इस स्थिति से परेशान बच्चों के परिजनों में भारी आक्रोश है,जिसके कारण अस्पताल परिसर में तनाव और विवाद की स्थिति बन गई है। परिजनों का कहना है कि उनके बीमार बच्चों को तुरंत इलाज की जरूरत है, लेकिन डॉक्टर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। इस मामले ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों की मांग है कि जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। अस्पताल प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत ध्यान देकर स्थिति को सामान्य करने और बीमार बच्चों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है।

### ई-अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**सतना।** रामपुर बाघेलान में शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को बंद करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। आजाद अध्यापक संघ,जिला सतना के बैनर तले शिक्षकों ने यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामपुर बाघेलान को दिया। शिक्षकों का कहना है कि उनमें से कई एंड्रॉइड मोबाइल और इंटरनेट जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में दक्ष नहीं हैं,जिससे उन्हें इस व्यवस्था को अपनाने में परेशानी हो रही है। शिक्षकों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को फर्जी कॉल आ रहे हैं,मोबाइल हैक किए जा रहे हैं और खातों से पैसे निकाले जा रहे हैं। उनका मानना है कि ई-अटेंडेंस से उनके व्यक्तिगत डेटा के लीक होने का खतरा बढ़ गया है,जिससे उनके बीच डर का माहौल है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश नारायण ताम्रकार, राजकुमारी पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, रामवली सिंह, धर्मेंद्र सेन सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### स्कूल टाइम में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग

**विजयराघवगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल प्राथमिक माध्यमिक शालाओ के छात्र-छात्राओं को आने जाने में संकट मोचन चौक से लेकर उत्कृष्ट विद्यालय तक छात्र-छात्राओं की भीड़ में वाहनों की धमा चौकड़ी के कारण भारी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिसके कारण छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को किसी तरह की असमय घटना दुर्घटना का डर बना रहता है। वाहन चालकों की मनमर्जी के कारण छात्र-छात्राओं को रुकना पड़ता है। सवेरे विद्यालय आने के टाइम पर या तो जाम के कारण सही समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाए, छुट्टी के टाइम पर घर जाने में उतावले छात्रों के बीच वाहनों के आने जाने पर उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है जिसके कारण अभिभावकों को स्वयं स्कूलों तक आना पड़ता है। छात्र-छात्राओं के हित में अभिभावकों द्वारा पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की गई है।

# जैतवारा में मीथेन गैस का रिसाव,प्रशासन अलर्ट





**सतना।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक टीम ने जैतवारा में एक पुराने कुएं में मीथेन गैस के रिसाव का पता लगाया है। टीम में डॉ.राहुल द्विवेदी,अनूप श्रीवास्तव,डॉ.राजकरण और राजकुमार मिश्रा के साथ नगर परिषद जैतवारा और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल थे। यह कुआं जैतवारा रेलवे स्टेशन के पास एक शिव मंदिर के नीचे स्थित है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मंदिर में जलहरी से बहने वाला पानी,फूल और पत्ते एक छेद से होकर इसी कुएं में जाते हैं,जहां सड़ने के कारण मीथेन गैस बन रही है। इस खतरनाक रिसाव के कारण प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुएं के चारों ओर बैरिकेड्स लगाए गए हैं और मंदिर के आसपास की दुकानें बंद करा दी गई हैं। नगर परिषद की टीम ने गैस के स्रोत का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए कुएं की खुदाई शुरू कर दी है।

# पन्ना नाका पर कार में तोड़फोड़, गुंडों का तांडव



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पन्ना नाका इलाके में रिलायंस मॉल के सामने एक चौंकाने वाली घटना हुई है। तीन-चार अज्ञात लोगों ने एक खड़ी कार पर पत्थरबाजी करके उसके शीशे तोड़ दिए और सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई की। इस दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हमलावर गाली-गलौज करते हुए उत्पात मचाते रहे। इस मामले में मुख्य आरोपी सम्राट सिंह को बताया जा रहा है,जो बाबूपुर नागौद गांव के शिब्बू सिंह का बेटा है। शुरुआती जांच में पुलिस पर राजनीतिक दबाव होने की बात सामने आई थी,जिसके कारण आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचाहट दिख रही थी। हालांकि,जब यह मामला नए एसपी के संज्ञान में आया,तब पुलिस ने सक्रियता दिखाई और घायलों का मेडिकल कराया गया। अब इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह भी पता चला है कि इस घटना में वही युवक शामिल है जो शहर के चर्चित फर्जी ऐप ठगी मामले में लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोपी है,लेकिन अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है।

# खाली समय में बच्चों को पढ़ाते हैं पुलिस कर्मी अनिल, लोग कहते हैं 'आर्यन सर'



**मैहर।** मैहर में एक पुलिस सिपाही अनिल अपने खाली समय का उपयोग बच्चों को पढ़ाने में करते हैं। वह ड्यूटी से फ्री होने के बाद किसी भी स्कूल में चले जाते हैं,जहां खाली क्लास मिलती है,वहीं पढ़ाना शुरू कर देते हैं। बच्चे उन्हें प्यार से 'आर्यन सर' कहते हैं। वर्तमान में मैहर में पदस्थ अनिल,संदीपनी विद्यालय के बच्चों को बिना किसी शुल्क के पढ़ाते हैं। छात्रों का कहना है कि वे एक अच्छे शिक्षक की तरह पढ़ाते हैं और हर विषय को मोटिवेशन के साथ समझाते हैं। वे हिंदी,अंग्रेजी,फिजिक्स, केमिस्ट्री,बायो और मैथ जैसे कठिन विषयों को भी आसानी से समझा देते हैं। पुलिसकर्मी अनिल ने बताया कि उन्होंने अपने बचपन में मोटिवेशन की कमी महसूस की,इसलिए अब बच्चों को पढ़ाते हैं। संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य डीपी गोस्वामी ने बताया कि अनिल पिछले 2 साल से उनके स्कूल में पढ़ा रहे हैं।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते बुकी बाबा ताम्रकार गिरफ्तार



**मैहर।** मैहर पुलिस ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कटरा बाजार निवासी बुकी अनिल उर्फ बाबा ताम्रकार को गिरफ्तार किया है।आरोपी एशिया कप के बांग्लादेश और श्रीलंका मैच पर सट्टा बुकिंग कर रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। उसके कब्जे से करीब 75,000 नकद,कई मोबाइल फोन और लेनदेन का हिसाब बरामद हुआ है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़े सट्टा गिरोह का हिस्सा हो सकता है और मामले की जांच तेज कर दी गई है।

# सीएमओ को परिषद ने थमाया नोटिस,3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुषमा मिश्रा को स्वच्छता कार्यों में लापरवाही के लिए नोटिस जारी किया है। परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने आरोप लगाया है कि सीएमओ वास्तविक सुधार के बजाय केवल मीडिया प्रचार पर ध्यान दे रही हैं। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि 3 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो सक्षम अधिकारियों से कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।

# गल्ला व्यापारी की दुकान से 8 लाख रुपये की चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद




**मैहर।** मैहर शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हरनामपुर में गल्ला व्यापारी राजेश अग्रवाल की दुकान से अज्ञात चोरों ने लगभग 8 लाख चुरा लिए। यह वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। राजेश अग्रवाल ने बताया कि वह बैंक से नकदी लाकर दुकान में रखे थे,तभी एक लाल बाइक पर सवार युवक गल्ला बेचने के बहाने आया। जैसे ही वह बाहर गए,चोर अंदर घुसकर नकदी चुरा ले गया। राजेश अग्रवाल की दुकान में पिछले 5 साल में यह पांचवीं चोरी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ,विधायक ने किया उद्घाटन



**मैहर।** रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन और जिला क्रिकेट संघ मैहर के तत्वावधान में पहली इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। उद्घाटन के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहला मैच ब्लू बेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल,मैहर और बाल भारती स्कूल,अमरपाटन के बीच खेला गया,जिसमें बाल भारती स्कूल ने 8 विकेट से जीत हासिल की। विधायक ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और संघर्ष करना सिखाता है और उन्हें उम्मीद है कि मैहर से कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलेगा।

# जेसीआरसी विश्वविद्यालय में "कॉस्मिक विजन 2047" संगोष्ठी सम्पन्न

सतना।



भारतीय खगोल सोसायटी द्वारा 8 से 10 सितम्बर 2025 को जयपुर के जेसीआरसी विश्व विद्यालय में "कॉस्मिक विजन 2047" संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। इसमें देश-विदेश से आए प्रमुख वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य विषय सौर एवं ग्रह विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन अधिगम की उपयोगिता रहा। विशेषज्ञों ने सौर तूफानों की भविष्यवाणी,ग्रहों के अंतरिक्ष मौसम और नई प्रेक्षण तकनीकों पर विचार साझा किए। एकेएस विश्वविद्यालय सतना के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.साकेत कुमार ने भू-चुंबकीय तूफानों पर अपना शोध प्रस्तुत किया। यह आयोजन भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान 'विजन 2047' के लिए प्रेरक सिद्ध हुआ। विश्व विद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,डीन डॉ.शैलेंद्र यादव ने उन्हें बधाई दी है।

# घुनवारा में अवैध उत्खनन जारी, प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप



**मैहर।** मैहर के घुनवारा गांव में बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा है,जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति ओम साहू की मिलीभगत से वन विभाग की जमीन पर जेबीसी मशीनों से खुदाई हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन सिर्फ गरीबों पर कार्रवाई करता है और रसूखदारों को छोड़ देता है।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो वे कलेक्टर से शिकायत करेंगे और आंदोलन भी करेंगे।

# शिवदास ने लिया देहदान का संकल्पः 'अमर ज्योति' की पहल,मानवता की नई मिसाल

**सतना।** राम टेकरी निवासी शिवदास वर्मा ने 'अमर ज्योति' संस्था की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया है। उनका मानना है कि राख में मिलने से बेहतर है कि यह शरीर मेडिकल छात्रों के काम आए। 'अमर ज्योति' संस्था का यह 58वां संकल्प है। इस पहल से समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और मानवता की एक नई मिसाल कायम हुई है।

# दुर्गा प्रतिमाओं पर विवादः विहिप और बजरंग दल ने दी चेतावनी, कहा-'मूल स्वरूप में बनाएं प्रतिमा'



**सतना।** दुर्गा पूजा से पहले मां दुर्गा की प्रतिमाओं के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर के विभिन्न पंडालों में पहुंचे,जहां मूर्तिकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और कार्टून जैसे स्वरूपों में प्रतिमाएं बना रहे थे। कार्यकर्ताओं ने मूर्तिकारों को इस तरह की मूर्तियां न बनाने की चेतावनी दी और कहा कि यह आस्था और परंपरा के साथ खिलवाड़ है।

### कार्टून और डॉल जैसी मूर्तियों का विरोध

विंध्या मैरिज गार्डन और अभिनंदन रेस्टोरेंट के पास स्थित पंडालों में मूर्तिकार 'डॉल' जैसे स्वरूप में प्रतिमाएं बना रहे थे। मूर्तिकारों ने बताया कि वे आयोजकों के ऑर्डर पर ऐसा कर रहे हैं। हालांकि, कार्यकर्ताओं ने इसका कड़ा विरोध किया। विहिप के जिला मंत्री विपिन सिंह ने इसे आस्था का अपमान बताते हुए कहा,एआई और कार्टून जैसी मूर्तियां बनाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मूर्तियां केवल कला नहीं,बल्कि हमारी परंपरा और विश्वास का प्रतीक हैं।

### सनातन परंपरा का उपहास?

विहिप प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सागर गुप्ता ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि 'डिजिटल और क्यूट' मूर्तियों का प्रयोग सनातन परंपरा का उपहास है। उन्होंने इस तरह की मूर्तियों से बच्चों और युवाओं पर गलत असर पड़ने की आशंका जताई। कार्यकर्ताओं ने आयोजकों से आग्रह किया कि वे देवी प्रतिमाएं पारंपरिक स्वरूप में ही बनवाएं और आस्था तथा परंपरा से कोई समझौता न करें।

### आंदोलन की चेतावनी

इस विवाद के बाद आयोजक और मूर्तिकार असमंजस की स्थिति में हैं। वहीं,प्रशासन ने भी मामले पर नजर बनाए रखी है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस तरह की प्रतिमाएं नहीं रोकी गईं,तो वे आंदोलन शुरू करेंगे। उनका कहना है कि त्योहारों में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हमारी संस्कृति और धार्मिक भावनाओं का अभिन्न हिस्सा हैं,और आधुनिक या कार्टून जैसी प्रतिमाएं स्वीकार्य नहीं हैं।

# रेलवे की लापरवाही से परेशान कैंटीन संचालक, अवैध वसूली के आरोप

**मैहर।** मैहर रेलवे स्टेशन के कैंटीन संचालक कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्हें रेलवे द्वारा मान्यता प्राप्त पानी की ब्रांड जैसे 'रेल नीर' की सप्लाई नहीं मिल रही,जिससे वे बाहर से पानी लाने को मजबूर हैं। कैंटीन संचालकों का आरोप है कि रेलवे कर्मचारी कुमारी शारदा उनसे दूसरे ब्रांड का पानी बेचने के बदले में अवैध वसूली करती हैं। बताया गया है कि शारदा का तबादला 4 महीने पहले सतना हो चुका है,फिर भी वह एक दशक से मैहर में जमी हुई हैं। स्टेशन प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि जब तक उनके स्थान पर कोई नया कर्मचारी ज्वाइन नहीं करता,तब तक वे रिलीव नहीं होंगी।

# मैहर में संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 20 सितंबर को

**मैहर।** संगीत के क्षेत्र में प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 20 सितंबर को मैहर के शासकीय संगीत महाविद्यालय में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गो-जूनियर (8 से 15 वर्ष) और सीनियर (16 से 25 वर्ष) में होगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे,जिसमें पहला पुरस्कार 10,000, दूसरा 5,000 और तीसरा 3,000 है।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदक का मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार विनय शंकर सिंह के निवास पर अखंड रामधुन का हुआ आयोजन



**भंडारे के साथ होगा समापन**

**पवई।** इन दिनों पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में पितर पक्ष पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम जैसे रामायण अखंड रामधुन आदि के आयोजनों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पवई नगर के पत्रकार विनय शंकर सिंह परिहार के निवास पर श्री श्री 108 श्री अखंड रामधुन का आयोजन किया गया,जिसका समापन 15 सितंबर दिन सोमवार को कन्या भोज,ब्राह्मण भोजन एवं प्रसाद वितरण के साथ होगा। बता दें कि इस अखंड रामधुन का आयोजन वीरेन्द्र सिंह, बृजेंद्र सिंह,महेंद्र सिंह की माता और विनय शंकर सिंह,विवेक सिंह, आशुतोष सिंह, समर सिंह, की दादी स्व.श्रीमती गंगाबाई ठाकुर की पुण्य स्मृति पर किया गया है।

### जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रदीप पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने पूर्व में गठित की गई। जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। शीघ्र ही वह समस्त ब्लॉको का दौरा कर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से व्यक्तिगत मुलाकात कर नवीन कार्यकारिणी का गठन करेगें। कार्यकारणी में समाज के सभी वर्गो से रायशुमारी कर नवीन कार्यकारिणी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी।

### जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग

**दमोह।** आदिवासी अधिकार दिवस अखिल गोंडवाना कोयापुनेम भूमिका सेवा संस्था संघ जिला दमोह के द्वारा जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग हेतु राष्ट्रपति,राज्यपाल, प्रधानमंत्री, आयुक्त जनगणना नई दिल्ली के नाम तहसीलदार रघुनंदन चतुवेदी को सौपा गया। जिसमें जिला अध्यक्ष बृजेश शाह परस्ते, बबलू शाह मरावी जिला सचिव, बलदेव दादा निरगुआ, कमल शाह दलपतपुरा, यशवंत शाह, जग्गन पहलवान बंदकपुर, जित्तू शाह धुर्वे, डेलन शाह धुर्वे पिपरिया, प्रदेश सह सचिव नारायण शाह मरावी, आनंद शाह तिरपाछे, देव ठाना चौरई, श्यामलाल कुर्सेला, लक्ष्मी तेकाम महिला मोर्चा अध्यक्ष, दिनेश परस्ते, नरेश कुलहस्ते, अजीत धुर्वे, बीएस धुर्वे, प्रदीप मरकाम, प्रमोद मरकाम, सुखदेव मरावी, अलम सिंह मरावी एवं हजारों की संख्या में उपस्थिति रही।

### शुभम वर्मा उप पुलिस अधीक्षक बने

**दमोह।** जिले के होनहार विवेकानंद कालोनी निवासी जिन्होंने एम.पी.पीएससी. की परीक्षा में उनका चयन संचालक लोक शिक्षण संस्था में चयन हुआ था और वह वर्तमान में भोपाल में पदस्थ है। उसी तारतम्य में उन्होंने अथक मेहनत करते हुए एम.पी.पीएससी. 2024 की परीक्षा में 5वीं रैक प्राप्त करते हुए उनका चयन उप पुलिस अधीक्षक पद पर हुआ है वह अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं चाचा को देते है गौरतलव है कि उनके दादा सेवानिवृत्त एवं डी.ओ. वन विभाग में और पिता आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ है साथ ही समय समय पर मार्गदर्शन करने वाले उनके चाचा के.के. वर्मा पूर्व शासकीय अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता है उनकी इस सफलता पर मानक पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अजय टंडन पूर्व विधायक, रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पंकज खरे, अनुनय श्रीवास्तव, मुकेश जैन, मंटु राजकुंमार सोनी, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, राशु चौहान, अमर राजपूत, मिक्की चंदेल, अनिल खरे सहित नगर के सभी वर्गों के प्रतिष्ठतो ने बधाई दी है।

## पीडब्ल्यूडी विभाग की भ्रष्ट कार्य प्रणाली

# सकरिया डिघौरा राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क बनते ही उड़े परखच्चे

**पन्ना।**

भ्रष्टाचार- अधिकारियों एवं नेताओं की जुगलबंदी से पैदा होता है। और उसमें सबसे बड़ी दोषी होती है जनता? क्योंकि जनता का, जनता के लिए ,जनता द्वारा किया गया शासन ही लोकतंत्र की असली परिभाषा को परिभाषित करता है? मगर जब जनता ही तानाशाही एवं भ्रष्ट नौकरशाही के निर्माण की जिम्मेदार हो जाए। तो बोलने वाला कौन है। इसके लिए विपक्ष की भूमिका अहम होती है। क्योंकि गूंगे कभी बोला नहीं करते। और बाहरे सुना नहीं करते ? इसी की परिणिति यह है कि मध्य प्रदेश के मुखिया बार-बार यह कहते हैं कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मगर पन्ना जिले में भ्रष्टाचार भ्रष्ट वर्षों से जमे हुए अधिकारियों की जुगलबंदी का परिचायक सूचक है ! तभी तो कई करोड़ की लागत से बनने वाली सकरिया से डिघौरा नेशनल हाईवे मार्ग जो केन्द्रीय सड़क निधि योजना (ब्थ्) अंतर्गत लगभग 40 करोड़ की लागत से छभ्-39 से सकरिया-गुनौर-डिघौरा होते हुए छभ्- 943 तक निर्माणाधीन मार्ग का कार्य चल रहा है। उसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार एवं दबंग कार्य शैली के चलते में बड़े पैमाने पर लीपापोती की जा रही है। लीपापोती ऐसी वैसी नहीं है ? बल्कि गुनौर में कई जगह पर कई डंफर डस्ट डालकर नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण में भी घटिया मिट्टी मोरम एवं डस्ट का भारी मात्रा में उपयोग किया जाकर सड़क निर्माण की खानापूर्ति की जा रही है। और अधिकारियों से बात करो तो ऐसे बात करते है जैसे सारा पैसा उनके घर का ही लग रहा हो? और वह जनता पर एहसान कर रहे है। तो आखिर किसकी सहमति से इस भ्रष्ट कार्य प्रणाली को अंजाम दिए जाकर राष्ट्रीय राजमार्ग



में लिपौती की जा रही है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग में नाली निर्माण में भ्रष्टाचार-**

नवगठित नगर परिषद गुनौर के वार्ड नंबर 4 से लेकर ग्राम पडेरी तक जगह-जगह डस्ट डालकर नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है और उक्त नाली निर्माण कार्य में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बताएं अनुसार मुख्य सड़क मार्ग के बीच से लेकर 9-9 मीटर दोनों तरफ का अतिक्रमण हटाया जाना था। फिर इसके बाद नाली का निर्माण कार्य किया जाना था। मगर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों और भ्रष्ट कर्मचारियों के द्वारा मनमाना पैसा वसूली का काम किया जा कर, मनमाने तौर तरीके से सांप सीढ़ी की भांति नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।, जो गरीब आदमी है उसके घर से सटाकर नाली निर्माण कार्य जा रहा है और जो बड़ा और दबंग पैसे वाला व्यक्ति है उससे लाभान्वित होकर पीडब्ल्यूडी विभाग नाली को तिरछा कर रहा है। जिससे लोगों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है? जब मुख्य सड़क मार्ग और शहर के बीचों बीच इस प्रकार से पैसे लेकर एवं चहेतों को उपक्रत करने की नियति से, जातिवादी मानसिकता के चलते इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है जिससे नगर वासियों में दबंग अधिकारियों के प्रति आक्रोश है। आज नगर के वार्ड नंबर 4 में नगर वासियों की मीटिंग हुई और यह सुनिश्चित किया गया की स्थानीय प्रशासन तो भ्रष्टाचार में संलिप्त है और उससे कुछ होना नहीं है। जिले के कलेक्टर के पास जाकर एक ज्ञापन देंगे, फिर भी अगर कार्यवाही नहीं हुई तो चका जाम करते हुए विशाल आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। और कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों को यहां से हटाया जाए। और यह जांच की जाए कि आखिर नाली को सांप सीढ़ी की भांति आडा तिरछा क्यों किया जा रहा है। और डस्ट से पुलिया एवं नाली निर्माण करते हुए,घाटिया राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करा कर कौनसा बिकास कार्य किया जा रहा है। और यह कमीशन किसकी जेब में जा रहा है अगर इसी तरह से अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं ठेकेदारों की मनमानी चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब गुनौर में सड़क निर्माण को लेकर विशाल आंदोलन का खाका तैयार किया जाएगा । और इसकी संपूर्ण जवाबदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।, जनप्रतिनिधियों एवं सरकार मध्य प्रदेश स्वयं की होगी।

## नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

**2 करोड़ 58 लाख से अधिक की अवार्ड राशि पारित**





**पन्ना।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में संपन्न हुई सफल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से लंबित विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय ने जिला न्यायालय में मां वीणावादिनी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण तथा पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्ति के प्रयास का आह्वान किया। नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 12 खंडपीठ का गठन किया गया था।

प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कुल 1642 व्यक्ति लाभांवित हुए। कुल 730 प्रकरणों के निराकरण के साथ ही 2 करोड़ 58 लाख 16 हजार 844 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। प्रीलिटिगेशन के 409 प्रकरणों में 47 लाख 51 हजार 16 रूपए एवं 321 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 10 लाख 65 हजार 828 रूपए समझौता राशि का अवार्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं विशेष न्यायाधीश जयशंकर श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रितिका पाठक मिश्रा, जेएमएफसी बिन्दु पटेल, इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह, श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह एवं पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, अधिवक्ता एवं प्राधिकरण के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

**समझाईश पर पति-पत्नी साथ रहने हुए राजी**

नेशनल लोक अदालत में 11 वर्ष पूर्व विवाहित एवं वर्तमान में अलग रह रहे एक दंपत्ति समझाईश के बाद एक साथ रहने के लिए राजी हुए। लोक अदालत में तीन बच्चों के माता-पिता ने एक दूसरे को माला पहनाई और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सुखमय दाम्पत्य जीवन बिताने का निर्णय लिया।

# पवई के होनहार खिलाड़ी संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना



**पवई।** खेल के मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके पवई के खिलाड़ियों ने एक बार फिर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में जीत का परचम लहराने वाले पवई के होनहार खिलाड़ी रविवार दोपहर बड़े उत्साह और जोश के साथ संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि पूरे पवई क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर दौड़ पड़ी है। इस प्रतियोगिता में पवई से कुल 13 खिलाड़ी चयनित हुए हैं। इनमें सीएम राइस विद्यालय से 7 बालक और 2 बालिका, कन्या शाला से 3 बालिका तथा आदर्श हनुमान मंदिर विद्यालय से 1 बालक शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और जुनून साफ झलक रहा था।

खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रवाना करते हुए तरुण सिकरवार और राहुल मरावी ने कहा कि पवई की धरती खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है। यहां के बच्चों ने हर स्तर पर अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की है। उन्हें पूरा विश्वास है कि ये खिलाड़ी संभाग स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करेंगे।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान बच्चों ने यह भी शिकायत जताई कि सीएम राइस विद्यालय एवं हनुमान बाल मंदिर विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें कोई शिक्षक मार्गदर्शन के लिए नहीं भेजा गया। यहां तक कि प्रतियोगिता में शामिल होने के बावजूद बच्चों को यात्रा भत्ता (ज्।/क।) भी उपलब्ध नहीं कराया गया। बच्चों ने कहा कि ऐसे हालात में भी उन्होंने कठिनाइयों को पार कर जीत हासिल की है, लेकिन आगे की प्रतियोगिताओं में यदि विद्यालय प्रशासन उनका सहयोग करेगा तो वे और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।खिलाड़ियों की विदाई के समय शिक्षकगण, अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया और उम्मीद जताई कि पवई के खिलाड़ी जीत की नई इबारत लिखकर लौटेंगे।

# हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले आरोपी को घटना कारित होने के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 27.08.2025 को फरियादी अनुज वर्मा पिता श्री सुखलाल वर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम बछरवारा थाना सलेहा द्वारा रिपोर्ट की गई कि आज दोपहर के समय मेरे पिताजी कछार हार में बकरी चरा रहे थे। उसी समय गाँव का अंकित द्विवेदी वहाँ आया और पुरानी बुराई पर से गाली-गलौज करने लगा। जब मेरे पिताजी ने गाली देने से मना किया तो अंकित ने मेरे पिताजी को कुल्हाड़ी एवं कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट कर घायल कर दिया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा मे आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 283/25 धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2) बीएनएस 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(अं) बै ज ।बज का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले मे डॉक्टर द्वारा फरियादी के घायल पिता को इलाज हेतु जिला अस्पताल पन्ना से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया था जो दौरान इलाज दिनांक 11.09.2025 को फरियादी के पिता की मृत्यु हो गई। मामले में घायल की मृत्यु होने पर पुलिस द्वारा आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएसएस का इजाफा किया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लिया जाकर मामले के आरोपी को शीघ्र अतिशीघ्र गिरफ्तार किये जाने हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से सहायता ली गई। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 13/09/25 को मामले के आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। जो आरोपी द्वारा जुर्म कारित किया जाना स्वीकार किया गया है। मामले के आरोपी से पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी अंकित द्विवेदी पिता रामजी द्विवेदी उम्र 29 वर्ष निवासी बछरवारा थाना सलेहा को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप निरी बलबीर सिह, थाना प्रभारी बृजपुर उप निरी महेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि सुशील तिर्की, पर्वत सिह, प्र. आर. सेवकलाल, आदित्य कुशवाहा, राजेश प्रजापति, विपिन पाण्डेय, तेजवती सिह, रियाज मोहम्मद, आर. गौरव सिह, मुकेश अहिरवार, जितेन्द्र सिह, जितेन्द्र गोयल, बबलू पटेल, महिला आर प्रेमू सिह एवं थाना बृजपुर से आर. रामनिरंजन कुशवाहा, अमर सिह, थाना धरमपुर से प्र.आर. अशोक कुमार, आर. अजीत यादव तथा चालक प्र. आर. अशोक चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना में 9 हजार हेक्टेयर भूमि जायेगी, जैवविविधता खतरे में पड़ जायेगी-राजा पटैरिया

**केन-बेतवा लिंक परियोजना इस क्षेत्र के लिए अभिशाप**

**जंगल भी बचे एवं इंसान भी बचे, टाईगर को वहीं बसाया जाये जहां पहले थे, कल्दा-श्यामगिरी से वह भरपाई न की जाये**





**पन्ना।** आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा में जहां आदिवासियों की एक महापंचायत में कांग्रेस के शासन काल में पूर्व मंत्री राजा पटैरिया का बोलते हुए वीडियो चर्चा में आया। केन-बेतवा लिंक परियोजना में जो 9 हजार हेक्टेयर भूमि जा रही है उससे जैवविविधता खतरे में पड़ जायेगी। वहीं केन-बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना टाईगर रिजर्व की भूमि की भरपाई को लेकर जो कल्दा-ष्यामगिरी में भूमि ले जाने के लिए प्रयास किये जा रहे है। जबकि टाईगर रिजर्व में जहां टाईगर रहते थे वहीं रहें। जहां पचीसों वर्षो से उनका रहवास है साथ ही आदिवासी वनवासी संगठन के माध्यम से हम समूचे बुन्देलखण्ड में उनके हितों को ध्यान में रखकर लड़ाई लडते आये हैं हम आज भी आदिवासियों के हितो के लिए खड़े है। जहां जब जरूरत पडती है साथ ही मध्यप्रदेष में भाजपा सरकार तथा केन्द्र में भी भाजपा सरकार आसीन है अगर आदिवासियों के साथ में तो क्षेत्रीय सांसद व जिले के तीनों विधायक स्तीफा देकर आदिवासियों के हितों को लेकर संघर्ष करें आखिर केन-बेतवा लिंक परियोजना का विरोध करते हुए रोकने का कार्य करें। श्यामगिरी व कल्दा क्षेत्र की भूमि से पन्ना टाईगर रिजर्व की भूमि की भरपाई न की जाये। आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखकर इस तरह से एक बार फिर आदिवासी महापंचायत में राजा पटैरिया पूर्व मंत्री का अंदाज जो बेबाकी से आदिवासियों को लेकर चर्चा में आया। गौरतलब बात यह है कि पन्ना टाईगर रिजर्व का कोर क्षेत्र जो केन-बेतवा लिंक परियोजना में जा रहा है जिससे टाइगरों का रहवास तो खतरे में है ही वहीं टाईगर रिजर्व की भूमि को लेकर किस तरह से कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा क्या कल्दा-ष्यामगिरी की भूमि को ध्यान में रखकर कार्यवाही मानी जाये। यह तो विभागीय जिम्मेदार ही बता सकते है पर आदिवासी महापंचायत में सोषल मीडिया में पूर्व मंत्री राजा पटैरिया का अंदाज चर्चा में।

# शाहनगर में तेंदुघाट की सप्लाई बंद जनता ने रोड जाम करने की दी चेतावनी





**पन्ना।** शाहनगर में एक बार फिर पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो गई है तेंदू घाट की सप्लाई लागातार 4 दिनों से बंद जिससे ग्रामीण काफी परेशान है और पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं शासन प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और न ही कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है ग्राम पंचायत को पानी के टैंकर प्रदान किए गए थे जिनका भी कोई लाभ नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है करोड़ों रुपए खर्च कर सरकार ने क्षेत्र वासियों के लिए करोड़ों रूपये की लागत से हर घर नल हर घर जल परियोजना की शुरुआत की थी पर ग्रामीणों को इसका लाभ वर्तमान में नहीं मिल पा रहा है न ही शासन प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम उठाया गया है और न ही कोई जनता का प्रतिनिधि ही इस बात की चिंता कर रहा है गांव की जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है जिसके चलते लोगों ने शासन प्रशाशन से अपनी नाराजगी जाहिर की है समाज सेवक ओ पी उर्मलिया और उनके साथियों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो रोड जाम कर आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## सांसद खेल महोत्सव

# खजुराहो सांसद ने की पंजीयन की समीक्षा



**पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने शनिवार को सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा और जिला स्तर पर क्रियान्वयन एवं संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ियों के पंजीयन कार्य की वर्चुअल समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने हर पंचायत और कस्बे के युवाओं का पंजीयन कराने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप प्रत्येक युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि युवा प्रतिभागियों को स्वेच्छा मुताबिक खेलों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। ग्रामीण निकाय और पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित सचिव और रोजगार सहायक भी इस कार्य में आगे आएं। हम सबको गांवों से खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और अवसर उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास करना चाहिए। यह हमारी सामूहिक जिम्मेवारी भी है। सांसद ने खेल महोत्सव में साहित्य, लेखन और सांस्कृतिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को भी शामिल करने की बात कही। वर्चुअल समीक्षा बैठक में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायकगण सहित जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ भी शामिल हुए।

## देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व

# कलश यात्रा से वामन अवतार तक भक्ति का उत्सव



**देवेंद्रनगर-** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 12 सितम्बर को आर.के. गार्डन से श्रीराम मंदिर तक निकली भव्य कलश यात्रा ने नगर में नया इतिहास रचा। 13 सितम्बर को भगवान के अवतारों की कथा सुनाते हुए स्वामी जी ने कहा दृ "जब-जब अधर्म बढ़ता है, भगवान अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं।" 14 सितम्बर को प्रह्लाद चरित्र और बली-वामन लीला में उन्होंने बताया दृ "सच्ची भक्ति में भगवान स्वयं रक्षा करते हैं और वामन अवतार दान, त्याग व धर्म की श्रेष्ठता का प्रतीक है।" कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आर.के. गार्डन, सहोदा रोड पर हो रही है। 19 सितम्बर को समापन अवसर पर विशाल हवन व भंडारा होगा। तिवारी परिवार ने इसे नगर की सामूहिक आस्था का महापर्व बताते हुए श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### सियार के हमले से घायल महिला की हुई मौत

छतरपुर। जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में सियार के हमले से घायल हुई एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि करीब 20 दिन पहले ग्राम मनिया की रहने वाली वर्षा पत्नी अवधेश पटेल उम्र 24 वर्ष के ऊपर एक जंगली सियार ने हमला किया था। सियार के हमले से वर्षा बुरी तरह जख्मी हो गई थी। परिजन घटना के बाद फौरन उसे राजनगर अस्पताल ले गए थे, जहां चिकित्सकों ने मामूली जख्म होने की बात कहकर प्राथमिक उपचार किया था। चूंकि वर्षा और उसके परिजनों को भी जख्म जानलेवा नहीं लगे थे, इसलिए वे भी प्राथमिक इलाज के बाद वापिस घर लौटे गए थे। दो दिन पहले एक बार फिर वर्षा की तबियत बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। वर्षा की गंभीर हालत को ध्यान में रखकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया था, जहां रविवार की रात को इलाज के दौरान वर्षा की मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापिस जिला अस्पताल आए, जहां रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

छतरपुर। जिले के गुलगंज थान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंगवारी में चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि ग्राम मुंगवारी का रहने वाला 33 वर्षीय रामस्वरूप पुत्र नाथूराम यादव शनिवार की शाम करीब 5 बजे अपनी बाईक से कहीं जा रहा तभी गांव के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में रामस्वरूप बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके चलते उसे तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। रविवार को इलाज के दौरान रामस्वरूप ने दम तोड़ दिया। उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहां गुलगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### एनसीएल में अशुतोष द्विवेदी ने ग्रहण किया निदेशक (तकनीकी) का पदभार



सिगरौली शनिवार को अशुतोष द्विवेदी ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण किया।खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले द्विवेदी ने ओपनकास्ट, भूमिगत खनन और कॉरपोरेट संचालन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है। उन्हें मशीनीकृत खनन, खान सुरक्षा, परियोजना प्रबंधन तथा कोयला खनन संचालन का व्यापक अनुभव है। उन्होंने आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक किया है और फर्स्ट क्लास माइंस मैनेजर सर्टिफिकेट ऑफ कॉम्पिटेंसी प्राप्त किया है।एनसीएल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने निगाही और झिंगुरदा जैसी परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया और क्षमता निर्माण एवं सतत खनन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कॉरपोरेट प्लानिंग विभाग में महाप्रबंधक रहते हुए उन्होंने कई दीर्घकालिक महत्व की पहलों को आगे बढ़ाया। एनसीएल में निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता में कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा एवं बचाव) के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने सुरक्षा नवाचार और संचालन सुधारों में अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, वे बीसीसीएल की कई क्षेत्रों में क्षेत्रीय महाप्रबंधक भी रह चुके हैं।गौरतलब है कि मई माह में जितेंद्र मलिक के सेवानिवृत्त होने पर एनसीएल में निदेशक (तकनीकी) का एक पद रिक्त हो गया था।

### करंट लगने से युवक सहित 5 गायों और 1 कुत्ते की दर्दनाक मौत

नौगांव। बीती रात नगर में एक युवक सहित 5 गायों और एक कुत्ते की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि शक्ति माता कॉलोनी में रहने वाला मृतक कल्लू आदिवासी पिता शिवदयाल (36 वर्ष), निवासी कंचनपुरा मऊरानीपुर देहात कॉलोनी के पास खाली पड़ी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहता था और प्लास्टिक के तसले व टब बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती रात वह अपनी झोपड़ी की लाईट चालू करने के लिए 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन के पास गया था, जहां अंधेरा होने के कारण अचानक करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इतना ही नहीं युवक की मौत होने के बाद करंट के तार जमीन पर गिर गए थे।

# किसान को खाद, बीज या कीटनाशकों में मिलावट या नकली सामग्री की आशंका हो तो सरकार द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 1800-180-1551 पर शिकायत दर्ज करा सकता है : उप संचालक कृषि

**कृषि विभाग अपील : किसानों के लिए रबी फसल के लिए जिले में लगातार प्राप्त हो रही उर्वरक**

**उपसंचालक कृषि एवं नौगांव तहसीलदार ने हरपालपुर रैक प्वांइट का किया निरीक्षण**

आगामी रबी फसल के लिए जिले में उर्वरक लगातार प्राप्त हो रही है। बीते रोज हरपालपुर रैक प्वांइट पर पहुंचकर उपसंचालक कृषि डॉ. रवीश कुमार सिंह और नौगांव तहसीलदार द्वारा रैक प्वांइट से भेजी जा रही जिले की सेवा सहकारी समितियों को उर्वरक के रिकार्ड कि जांच की, जिसमें आईपीएल कंपनी की 1876 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ।



छतरपुर।

इस उर्वरक में से 938 मीट्रिक टन छतरपुर की सेवा सहकारी समितियों और पन्ना एवं टीकमगढ़, निवाड़ी 750 मीट्रिक टन उर्वरक भेजी जा रही है। इसी प्रकार इफको कंपनी का यूरिया 1872 मीट्रिक टन में से छतरपुर की सेवा सहकारी समितियों को 932 मीट्रिक टन घुवारा, लवकुशनगर, बड़ामलहरा विपणन संघ गोदाम 192 मीट्रिक टन टीकमगढ़, निवाड़ी 748 मीट्रिक टन भेजी जा रही है। इफको कंपनी के प्राइवेट डीलरों को 669 मीट्रिक टन एवं टीकमगढ़, निवाड़ी प्राइवेट डीलरों को 193 मीट्रिक टन भेजी जा रही। इफको कंपनी की डीएपी उर्वरक की रैक लग रही है। जिले को सीधे समितियों को 988 मीट्रिक टन और छतरपुर बिजावर, लवकुशनगर, 98 मीट्रिक टन विपरण संघ के गोदाम के माध्यम से भेजी जा रही है। प्राइवेट विक्रेताओं को 656 मीट्रिक टन में से छतरपुर को 476 मीट्रिक टन और टीकमगढ़, निवाड़ी के डीलरों को 180 मीट्रिक टन डीएपी भेजी जा रही है। अभी दो दिन पूर्व जिले को चम्बल फर्टिलाइजर कंपनी की रैक छतरपुर एनपीके 750 मीट्रिक टन सीधे समितियों को एनपीके उर्वरक भेजी गई थी।

उपसंचालक कृषि डॉ. रवीश कुमार सिंह ने जानकारी में बताया कि वर्तमान समय में जिले में 20800 मीट्रिक टन से अधिक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जिले में उर्वरक की रबी बुआई हेतु कोई कमी नही है। आईपीएल कंपनी की रैक से समितियों को यूरिया ईशानगर 33, रामपुर कुर्रा 33, खडडी 33, ढडारी 33, अतरार 33, बरकौंहा 33 , मातगुवां 33, गढीसेमरा 32, बीरो 32, कर्री 32, बड़ामलहरा 32, बधां 32, मेलवार 32, पीरा 32, चंद्रनगर 32, बसारी 32, अभऊ 32, मऊखेरा 32, मनकारी 33, मोरबा 32, गौरगांय 32, लखेरी 32, पिपट 33, राजनगर 32, मुडेरी 32, सिजंई 32, टहनंगा 32, अलीपुरा को 32 प्राप्त हुई है।

इफको कंपनी की रैक से जिन समितियों को डीएपी दी गई है। उसमें कदारी 35, गौरगांय 35, मातगुवां 35, निवारी 35, महाराजपुर 35, गढीमलहरा 35, मनकारी 35, लुगासी 35, गर्रोली 35, नौगांव 35, लखेरी 35, विक्रमपुर 35, राजनगर 35, पिपट 35, बरद्वाहा 35, बलकौरा 30, कौथेहा 33, चुरयारी 30, सिजंई 30, मुडेरी 30, बदौराकलां 30, ज्यौराह 35, पहरा 30, पडवार 30, खेराकसार 30, देवरा 30, बंधा 30, डिकौली 30, भगंवा 30, ढडारी 35, लौडी 35, बिजावर 31, कुल 1086 समिति में इफको कंपनी की यूरिया भण्डारित हो रही है। प्राइवेट में इफको बाजार छतरपुर 131 खुशहाल टेड्र्स गुलगंज 35, श्रीसाई ट्रेडर्र्स महाराजपुर 25, गुप्ता भण्डार खजुराहो 30, अग्रसेन ट्रेडर्स हरपालपुर 25, साई ट्रेडर्स गढीमलहरा 25, शुभम ट्रेडर्स नौगांव 30, विनायक एगी सेंटर 25, इफको किसान सेवा केन्द्र भगवां 30, मधुवन खाद एजेंसी बाजना 30, अग्रवाल ट्रेडर्स राजनगर 30, सोनी बीज भण्डार बमीठा 30, जनता कृषि केन्द्र बाजना को 30 मीट्रिक टन इफको कंपनी का डीएपी भण्डारित किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि रवीश कुमार सिंह ने बताया कि इफको कंपनी के ही यूरिया की प्राप्त रैक से सलैया 32, गौरिहार 32, पहरा 32, पण्वार 32, चितहरी 32, रगौली 32, शाहगढ 32, अनगौर 32, घुवारा 32, सेवार 32, पनवारी 32, भगवां 32, मातगुवां 33, गठेवरा 33, नौगांव 33, डिकौली 32, पथरगुवां 32, गंज 32, बरद्वाहा 32, मनिया 32, विक्रमपुर 32, पिपट 32, महाराजपुर 32, गढीमलेहरा 32, कुर्राहा 32, निवारी 32, रामपुर ढिलापुर 32, कटेहरा 32, पचवारा 32, रामटौरिया 32, सरकना 32, बमनौंरा 32, छटीबम्हौरी 32, सुनवाहा 32, बम्होरी पुरवा 32, कुल इफको कंपनी का यूरिया 1124 मीट्रिक टन समितियों में भण्डारण हो रहा है। साथ ही इफको कंपनी का यूरिया आयरन स्टारे हरपालपुर 30, कौशल ट्रेडर्स गुलगंज 30, साई ट्रेडर्स नौगांव 30, शुभम ट्रेडर्स नौगांव 30, विनायक एग्री सेंटर छतरपुर 30, काका खाद बीज छतरपुर 30, केएस राजनगर 30, भागवती ट्रेडिग कंपनी छतरपुर 30, मधुवन खाद एंजेसी बाजना 30, भगवां इफको किसान सेवा केन्द्र 30, पवन इंटरप्राइजेज छतरपुर 30, अग्रवाल ट्रेडर्स राजनगर 30, बर्धमान ट्रेडिग कंपनी 30, दीपक खाद भण्डार बमीठा 25, सोनी बीज भण्डार बमीठा 25, शैलेश ट्रेडर्स अनगौर 25, शिवम खाद बीज भण्डार धमौरा 25, नौगरिया ट्रेडिग कंपनी नौगांव 25, कुल 669 मीट्रिक टन इफको कंपनी का प्राइवेट उर्वरक विक्रेताओं के यहां भण्डारण किया जा रहा है।

### उपसंचालक कृषि की किसानों से अपील

उपसंचालक कृषि डॉ.रवीश कुमार सिंह द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान अपनी रबी मौसम की फसलों की बुआई हेतु सेवा सहकारी समितियों से परमिट कटाकर तथा प्राइवेट लाइसेंसधारी उर्वरक विक्रेताओं से ही पॉस मशीन में आधार कार्ड के माध्यम से उर्वरक क्रय करें और रशीद अनिवार्य रूप से लें। अधिक कीमत पर उर्वरक देने वाले तथा बिना लाइसेंस उर्वरक विक्रेताओं से उर्वरक क्रय नहीं करें। ऐसे विक्रेताओं जो अधिक कीमत पर उर्वरक विक्रय कर रहें है। लिखित रूप से शिकायत करें, जिससे अवैधानिक रूप से विक्रय करने वाले विक्रेता के विरूद्व कार्यवाही की जा सकें। केंद्र सरकार और कृषि विभाग ने किसानों की सुरक्षा और फसल बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब अगर किसी किसान को खाद, बीज या कीटनाशकों में मिलावट या नकली सामग्री की आशंका हो, तो वह सीधे सरकार द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 1800-180-1551 पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

## छतरपुर में शिक्षकों का नींद पर नहीं काबू

# स्कूल में सो रहे एक और शिक्षक का वीडियो हुआ वायरल



छतरपुर।

जिले में पिछले कुछ महीनों से लगातार शिक्षकों के स्कूल में सोने के मामले सामने आ रहे हैं। रविवार को फिर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक शिक्षक स्कूल के भीतर बेंच पर सोते नजर आए। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। मामला छतरपुर जनपद की मोरवा पंचायत के मारगुवां की माध्यमिक शाला का है, जहां पदस्थ शिक्षक जगराम प्रजापति स्कूल के भीतर बेंच पर आराम फरमा रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो कि अब चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया गया है कि यह वीडियो शनिवार दोपहर 3 बजे का है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि क्लासरूम में बच्चों के बैग रखे हैं, जबकि बच्चे नदारद हैं। वहीं शिक्षक जगराम प्रजापति बच्चों की बेंच पर आराम फरमा रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद बच्चों के अभिभावकों ने भी नाराजगी जाहिर की है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी अरुण शंकर पांडे ने वायारल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सोमवार को संबंधित शिक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जिले के अलग-अलग स्थानों से सोते हुए शिक्षकों के वीडियो वायरल हो चुके हैं। करीब दो माह पहले मवई घाट के विद्यालय में पदस्थ शिक्षक मनोज कुमार पाल और डेढ़ माह पूर्व कांटी गांव में पदस्थ एक अन्य शिक्षक का वीडियो वायरल हुआ था, जिन पर कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है।

# पुलिस के कांबिंग गश्त में दो सैकड़ा से अधिक अपराधियों पर हुई कार्रवाई

## न्याय पथ अभियान के तहत अब तक 58 हजार से अधिक गिरफ्तार

छतरपुर।



बीती रात एक बार फिर पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत कांबिंग गश्त में सख्त कार्रवाई की, जिसमें अवैध हथियार, शराब, जुआ और अन्य अपराधों के दौ सैकड़ा से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके सा?थ ही स्थाई और गिरफ्तार वारंटी, इनामी अपराधी, गुंडा लिस्टेड बदमाशों की चेकिंग और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात को छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन कांबिंग गश्त की गई, जिसमें 255 से अधिक पुलिस अधिकारी शामिल हुए। अभियान के तहत थाना कोतवाली में 11 हजार रुपये के इनामी सहित 8, थाना सिविल लाइन में 18 हजार के इनामी सहित 7, थाना गौरिहार में 12 हजार के इनामी सहित 4, थाना नौगांव में 7 हजार के इनामी सहित 5, थाना लवकुश नगर में 7 हजार के इनामी सहित 3, थाना महाराजपुर में 6 हजार के इनामी सहित 3, थाना बमीठा में 3, थाना गढ़ी मलहरा में 4 हजार के इनामी सहित 2, थाना ईसानगर और चंदला में 2-2 सहित कुल 58 हजार रुपये के 42 इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। थाना सिविल लाइन और ओरछा रोड में 6-6, थाना नौगांव में 12, थाना लवकुश नगर में 8, थाना सटई में 7, थाना गढ़ी मलहरा, भगवा, खजुराहो, राजनगर, महाराजपुर में 5-5 सहित 83 गिरफ्तार वारंटी और 1 इनामी सहित 8 वांछित अपराधी पकड़े गए। अवैध शराब के थाना नौगांव में 7, गढ़ी मलहरा और बमीठा में 4-4, बिजावर, चंदला, भगवां, महाराजपुर में 3-3 सहित 55 प्रकरणों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। थाना सिविल लाइन, गढ़ीमलहरा, बमीठा, राजनगर, गौरिहार, प्रकाश बम्हौरी में एक-एक अवैध हथियार सहित 6 आरोपी गिरफ्तार हुए। थाना ओरछा रोड और बिजावर में जुआ फड़ से नगद राशि बरामद कर 7 आरोपी पकड़े गए। गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई और जिला बदर के 544 और 15 की चेकिंग की गई। कांबिंग गश्त में 281 समन, 150 जमानती वारंट तामील किए गए और 381 प्रकरणों में 427 अनावेदकों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई। सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, चौराहों पर होटल, ढाबा, धर्मशाला की जांच की गई और वाहन चालकों को श्वास विश्लेषक से चैक किया गया।

# अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 अमलोरी परियोजना में संपन्न

**मुख्यालय टीम रही विजेता और झिंगुरदा टीम रही उपविजेता**

सिगरौली



शनिवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोरी क्षेत्र में आयोजित अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025-26 का समापन हुआ।इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप, एकल, युगल, वरिष्ठ वर्ग, सुपर वरिष्ठ वर्ष, महिला वर्ग इत्यादि श्रेणियों में मैच खेले गए । प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से पुरुष व महिला श्रेणी में कुल 138 खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) राजेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (अमलोरी),आलोक कुमार, एनसीएल के जेसीसी सदस्य, परियोजना के विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।इस प्रतियोगिता में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं व इकाइयों से 13 टीमों ने भाग लिया। टीम चैंपियनशिप में मुख्यालय की टीम ने खिताब अपने नाम किया तथा झिंगुरदा परियोजना की टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकल प्रतियोगिता (पुरुष) में मेराज अहमद (मुख्यालय) प्रथम निर्मल मिश्रा (झिंगुरदा)) द्वितीय रहे। वहीं महिला वर्ग (एकल) में इन्दु बाला (मुख्यालय) प्रथम व मोनोदीपा डे कीर्ति (मुख्यालय) द्वितीय स्थान पर रहीं ।युगल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में मुख्यालय से रजत मलिक व डी एन तिवारी की टीम विजेता तथा झिंगुरदा से निर्मल मिश्रा व निगाही से मोहनीश सोनी की टीम उपविजेता बनी। महिला वर्ग में मुख्यालय से इन्दु बाला एवं मोनोदीपा डे कीर्ति की टीम ने डबल्स का ख़िताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त खड़िया से गुंजन कुमारी एवं मुख्यालय से शिरीन राही की टीम उप विजेता बनी। वही वरिष्ठ वर्ग में (45 वर्ष से अधिक) की एकल प्रतियोगिता में मुख्यालय से रवींद्र सिंह प्रथम और नौशाद आलम द्वितीय रहे। वरिष्ठ वर्ग (युगल) में मुख्यालय से रवींद्र सिंह तथा नौशाद आलम की टीम ने बाज़ी मारी। वहीं ब्लॉक बी से जय शंकर पांडे और निगाही से आलोक सिंह उपविजेता बने। प्रतियोगिता के आयोजन में अमलोरी परियोजना एवं मुख्यालय के कल्याण विभाग का अहम योगदान रहा।गौरतलब है कि एनसीएल में कर्मियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई अंतर्क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं जैसे एथलेटिक्स, फुटबॉल , वॉलीबॉल , क्रिकेट, चेस, कैरम, बैडमिंटन इत्यादि का आयोजन किया जाता है जिससे कर्मियों की शारीरिक व मानसिक फ़िटनेस की बेहतरी के साथ ही टीम भावना भी मजबूत होती है

# झूठे मामले दर्ज कराने में माहिर महिला की दूसरे पति ने बताई सच्चाई

**पांच दिन पहले सड़क किनारे पड़ी महिला के मामले में आया नया मोड़**

छतरपुर।

पांच दिन पहले सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ढड़ारी रेल्वे ओवरब्रिज के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में पड़ी मिली थी, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। पुलिस ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था, जहां होश में आने के बाद महिला ने बयान देते हुए अपने दूसरे पति और उसके दो साथियों पर सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और हाथ-पैर बांधकर फेकने के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में महिला के दूसरे पति सहित तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। इसी बीच महिला का दूसरा पति मीडिया के सामने आया है और उसने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इसे षडयंत्र का हिस्सा बताया है।

रविवार को मीडिया के सामने आए शिकायतकर्ता महिला के दूसरे पति लक्ष्मी राजपूत ने बताया कि, महिला इस तरह से झूठे मामले दर्ज कराने में माहिर है। इससे पहले वह कई और लोगों पर भी छतरपुर और दमोह जिले में मामले दर्ज करा चुकी है। अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में लक्ष्मी राजपूत का कहना है कि महिला उसकी आधी जमीन हड़पना चाहती है, जिसको लेकर उसने अपने पहले पति के साथ मिलकर यह पूरा षडयंत्र रचा है। लक्ष्मी राजपूत का दावा है कि महिला को उसके पहले पति द्वारा ही षडयंत्र के तहत बांधकर फेका गया और जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने झूठी कहानी सुनाकर मामला दर्ज करा दिया। लक्ष्मी राजपूत के मुताबिक महिला वर्ष 2022 से उससे ब्लैकमैल करती आ रही है। पूर्व में उसने गांव में भी पंचायत लगवाकर आधी जमीन मांगी थी। इतना ही नहीं पहले भी वह एक बार उसके विरुद्ध मामला दर्ज करा चुकी है, जिसमें राजीनामा हुआ था। लक्ष्मी राजपूत का कहना है कि वह पिछले 15 दिनों से गांव में ही है, पुलिस चाहे तो गांव जाकर पूछताछ कर सकती है, उसके मोबाइल की लोकेशन भी जांच सकती है। लक्ष्मी राजपूत ने बताया कि जमीन और पैसों की लालच में महिला ने अपने पहले पति के साथ मिलकर यह षडयंत्र रचा है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

**इनका कहना है**

महिला के बयानों और उसकी शिकायत पर लक्ष्मी राजपूत सहित तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**वाल्मीकि चौबे, थाना प्रभारी, सिविल लाइन**

# युवक ने किशोर को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, कुछ घंटों में पकड़ा गया आरोपी, जांच में जुटी पुलिस

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक किशोर की गांव के ही एक युवक द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

छतरपुर।

बताया जा रहा है कि किशोर और आरोपी के बीच प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था और इसी विवाद में किशोर की जान गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ ही आरोपी को भी कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात खजवा गांव में 15 वर्षीय रोहित पुत्र संतोष पटेल पर गांव के ही महेश पटेल ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपी रोहित को तब तक पीटता रहा जब तक कि उसने दम नहीं तोड़ दिया। रोहित की मौत होने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। परिजनों और ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद खजुराहो एसडीओपी और राजनगर थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने तुरंत आरोपी की तलाश शुरु की, परिणामस्वरूप महज कुछ घंटे बाद ही आरोपी पुलिस के हाथ लग गया। राजनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी से पूछताछ शुरु की है। वहां गांव में ऐसी चर्चा है कि मृतक और आरोपी के बीच पिछले कुछ दिनों से प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों के बीच पहले भी कहा-सुनी हो चुकी थी। संभवतः इसी विवाद के चलते महेश ने रोहित पर हमला किया, जिसमें उसकी जान चली गई। हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में पुष्टि नहीं की है।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान योजना की निगरानी के लिए समिति गठित

**रीवा ।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत निरामय योजना संचालित की जा रही है। इसके क्रियान्वयन की मानीटरिंग के लिए 8 सदस्यीय जिला क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार समिति का अध्यक्ष कलेक्टर को बनाया गया है। समिति का उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सदस्य सचिव की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी गई है। समिति में जिला स्वास्थ्य अधिकारी क्रमांक दो को आयुष्मान योजना का नोडल अधिकारी बनाकर सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में डॉ अनुराग श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा तथा डीपीएम राघवेन्द्र मिश्रा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा के डीन डॉ सुनील अग्रवाल को समिति में आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### रानी तलाब मंदिर के पास महिला से चेन स्नेचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीनने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 10 सितंबर को सामने आई थी। पीड़िता शांती शुक्ला पति नवल किशोर शुक्ला 55 वर्ष निवासी ग्राम शुकुलगवां थाना गुढ ने बताया था कि वह अपने दामाद संदीप पाण्डेय के साथ रानी तालाब मंदिर काली माता के दर्शन करने गई थी, दर्शन करने के बाद मंदिर के पास कदम मे पेड़ के नीचे वह बैठी थी इसी दौरान एक अज्ञात युवक पहुंचा और अचानक से झपट्टा मारकर गले में पहना सोने का मंगलसूत्र खीचकर तालाब परिसर की बाउंड्री से कूदकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 304 (2) बी.एन.. एस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद प्रकरण की विवेचना शुरू की और सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की जिससे बाद पुलिस ने आरोपी पियूष उर्फ कपिल बंशल पिता रंगलाल बंशल 18 निवासी नया तलाब गुढ चौराहा की तलाश शुरू की। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने रेल्वे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने छीना गया मंगलसूत्र भी बरामद किया है।

### रोजगार मेला 18 सितंबर को संभागीय आईटीआई रीवा में

**रीवा ।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 18 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 30 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसीसी मीडिया इंडिया प्रा.लि. पुणे महाराष्ट्र, ट्रायडेन्ट कम्पनी बुधनी सिहोर, शक्ति पम्प इंडिया लि. पीथमपुर इन्दौर,विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा.लि. मैहर, यशस्वी ग्रुप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, धूत ट्रांसमिशन औरांगाबाद, आमधनी प्रा.लि.(एमआरएफ टायर्स) गुजरात, एसीएमई इंडिया इंडस्ट्रीज लिमि. दाहोद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि.रीवा, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा सतना, बजाज कैपिटल रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. भोपाल, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा.लि. जबलपुर, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, हिन्द फार्मा भोपाल, भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेन्स प्रा.लि. रीवा, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा, श्री फूड प्रोड्क्स उद्योग विहार चोरहटा रीवा, ग्रेट आर्गेनिक डायमंड प्राईवेट लि. सागर, उन्नति एग्रोटेक रामवन सज्जनपुर सतना, जस्ट डायल रीवा, फ्लिप कार्ट रीवा, कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा.लि. (सीएससी) इंदौर, प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर धार तथा मेसर्स जयप्रकाश पॉवर वेंचर लि. अमिलिया में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी सहित अन्य पर आरोप, शिकायत के बाद ईओडब्लू कर रही जांच, जल्द मामला दर्ज होने की सुगबुगाहट हुई तेज

# अल्प आय वर्ग गृह निर्माण समिति में 50 करोड़ से अधिक का घोटाला

**रीवा जिले की चर्चित अल्प आय वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित में एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद मामला ईओडब्ल्यू में जांच में है, बता दे वर्षों से चल रही भूमि आवंटन में धांधली, फर्जी सदस्यों की नियुक्ति, पुराने वैध प्लॉटों की रजिस्ट्री रद्द कर दोबारा बिक्री और संस्था के पैसों का निजी लाभ हेतु दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं।**




रीवा ।

यह मामला अब आर्थिक अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ ( ईओडब्ल्यू ) की जांच के दायरे में है और सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस पर एफआईआर दर्ज की हो सकती है। पूरे मामले में संजय पाण्डेय शिकायतकर्ता है। ईओडब्लू में दर्ज शिकायत के अनुसार, समिति अब एक सहकारी संस्था नहीं रही, बल्कि उसे एक प्रॉपर्टी डीलर एजेंसी की तरह चलाया जा रहा है। शिकायत में समिति के पूर्व अध्यक्ष विकास तिवारी, वर्तमान अध्यक्ष विपिन मिश्रा, कार्यकारी प्रबंधक मोहम्मद रहमान अली सहित पूरे संचालक मंडल पर 50 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के आरोप लगाए गए हैं। सदस्यों की वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर, पुराने वैध प्लॉट आवंटन रद्द कर दिए गए, और मनमाने ढंग से फर्जी सदस्यों को जमीनें आवंटित कर रजिस्ट्रियां कर दी गईं। बॉक्स क्या है अल्प आय गृह निर्माण समिति अल्प आय गृह निर्माण समिति का पंजीयन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी ने 6 फरवरी 1964 को कराया था, जिसका पंजीयन क्रमांक 22 था। इस समिति का उद्देश्य जिले में ऐसे अल्प आय वाले परिवारों को शहर के अंदर प्लॉट उपलब्ध कराना था, जिनके पास स्वयं का प्लॉट नहीं हो साथ ही उनके परिवार में किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से कोई प्लॉट नहीं हो। संस्था का संचालन सहकारिता अधिनियम 1960 के गृह निर्माण के लिए बनाए गए विशेष उपबंधों के अंतर्गत होना तय है, बता दे समिति सदस्यता शुल्क के माध्यम से धन एकत्रित करती है और उसी से वरिष्ठता के आधार पर भूमि खरीदकर सदस्यों को प्लॉट उपलब्ध कराए जाते है, आरोप है कि सितंबर 2021 में विकास तिवारी ने फर्जी संचालन मंडल का सदस्य बनाकर स्वयं अल्प आय गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष बने और इसके बाद से ही संस्था में फर्जीवाड़े का क्रम शुरू हुआ और समिति की मूल भावना और नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया गया।बॉक्स 500 से अधिक फर्जी प्लॉट आवंटनबता दे वर्ष 2020 के बाद से अब तक 500 से अधिक प्लॉट फर्जी तरीके से आवंटित किए गए। पुराने वैध कब्जाधारियों को हटाकर, अखबारों में औपचारिक सूचना प्रकाशित कर उनके नाम निरस्त कर दिए गए। शिकायत में बताया गया है कि इसके एवज में लाखों रुपये की अवैध वसूली की गई। सदस्य सुदामा प्रसाद लगरखा को आवंटित प्लॉट को श्रीमती सन्नू तिवारी के नाम कर बेचा गया। रामेश्वर द्विवेदी का कब्जाधारी प्लॉट नरेन्द्र तिवारी को दे दिया गया। वीणा मिश्रा का प्लॉट संस्था के उपाध्यक्ष की बहू कल्पना शर्मा के नाम कर दिया गया।बॉक्स नियमों को ताक पर रखकर संस्था का पैसा सीधे खातों में 25 जनवरी 2022 को, यूनियन बैंक नेहरू नगर ब्रांच से संस्था के खाते से संचालक संतोष तिवारी को 1.35 करोड़ रुपए निफ्ट के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। संस्था के नियम किसी सदस्य को सीधे भुगतान की अनुमति नहीं देते, फिर भी नियमों को नजरअंदाज कर 25 लाख रुपए सीधे ट्रांसफर और 1.10 करोड़ रुपए अलग से ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा, कार्यकारी प्रबंधक रहमान अली को भी दो चेकों के जरिए 85,000 रुपए का भुगतान किया गया।बॉक्स 6 करोड़ की ज़मीन, संस्था का पैसा लेकिन नाम निजी लोगों केशिकायत में दर्ज सबसे गंभीर आरोपों में यह भी शामिल है कि संस्था के नाम पर ग्राम भुंढहा में 6.02 एकड़ ज़मीन, 25 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से संस्था के पैसों से खरीदी गई। लेकिन रजिस्ट्री संस्था के नाम न होकर तत्कालीन अध्यक्ष विकास तिवारी की पत्नी और उनके रिश्तेदार विपिन मिश्रा के नाम पर की गई। जमीन का मूल्यांकन 6.03 करोड़ रुपए बताया गया, लेकिन असल में यह संस्था के पैसे का निजी हित में दुरुपयोग है।बॉक्स तीन वर्षों से नहीं हुआ ऑडिट, दस्तावेज तक नहीं मिलेसंस्था का वर्ष 2020 से अब तक कोई ऑडिट नहीं हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ऑडिट के लिए जरूरी प्रपत्र 1 से 16 तक कोई दस्तावेज विभाग को नहीं सौंपे गए। यहां तक कि जांच अधिकारियों ने भी लिखित में स्वीकार किया है कि बार-बार मांगने पर भी दस्तावेज नहीं मिले। इससे यह संदेह गहराता है कि सहकारिता विभाग के अधिकारी भी इस पूरे घोटाले में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हैं।बॉक्स राज्य से लेकर केंद्र तक हुई शिकायतें, लेकिन कार्रवाई नहींजुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच इस मामले की शिकायतें मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सहकारिता मंत्री, आयुक्त भोपाल, प्रधानमंत्री, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित लगभग एक दर्जन प्रमुख अधिकारियों व कार्यालयों तक की गई हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बता दे संयुक्त आयुक्त सहकारिता रीवा संभाग सुलेखा अहिरवार ने जांच के लिए दल गठित किया था, जिसमें बी.के. सोंधिया, मदन सिंह उईके और विकास सहकारी निरीक्षक शामिल थे। लेकिन इन अधिकारियों को भी संस्था की ओर से दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए।बॉक्स वरिष्ठता सूची नदारद, आवंटन मनमाने ढंग सेसंस्था के नियमों के अनुसार हर वर्ष वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जाती है, जिसके आधार पर प्लॉट आवंटित किए जाते हैं। लेकिन वर्ष 2020-21 से अब तक कोई सूची ही नहीं बनाई गई, जिससे यह स्पष्ट है कि फर्जी तरीके से मनचाहे लोगों को आवंटन किया गया।

### इनका कहना है

रीवा में अल्प आय वर्ग गृह निर्माण समिति है जो उसमें कॉपरेटिव एक्ट के कई प्रावधान है, इसमें शिकायतकर्ता द्वारा बेसकीमती प्लाटों को फर्जी तरीके से आवंटन करने की शिकायत की गई थी, मामला अभी जांच में है कई लोगों के नाम सामने आए हैं। जल्द मामले का निष्कर्ष सामने आएगा।

**अरविंद सिंह ठाकुर**
**पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध शाखा रीवा।**

## दिनदहाड़े हाईवे पर लूट की वारदात

## बाइक सवार दंपत्ति पर बदमाशों का हमला

**महिला को गंभीर चोट बदमाशों से भिड़ी महिला, बहादुरी से लूट को किया नाकाम**



रीवा ।

जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में एनएच-30 ओवरब्रिज के पास दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की वारदात हुई। बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती बाइक पर सवार दंपत्ति को निशाना बनाते हुए महिला के गले से चेन और मंगलसूत्र छीनने की कोशिश की। लूट का विरोध करने पर महिला चलती बाइक से गिर पड़ी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना में घायल महिला तुलसा सोनी, निवासी गढ़, अपने पति राजेंद्र सोनी के साथ बाइक से अपने मामा के श्राद्ध में शामिल होने भलुहा रामनई जा रही थीं। जैसे ही दंपत्ति मनगवां ओवरब्रिज के पास पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से चेन और मंगलसूत्र झपटने की कोशिश की। छीना-झपटी के दौरान बदमाश का हाथ महिला के पर्स में फंस गया। इस पर महिला ने साहस दिखाते हुए बदमाश का हाथ पकड़ लिया। इसी खींचतान में वह संतुलन खो बैठीं और चलती बाइक से गिर गईं। सड़क पर गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सिर पर 17 टांके लगाए हैं। बता दे बदमाशों का इरादा महिला की चेन और मंगलसूत्र लूटने का था, लेकिन महिला के साहस और विरोध के चलते वे लूट को अंजाम नहीं दे सके। छीना-झपटी में गहने सड़क पर गिर गए और आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद मनगवां थाना पुलिस को सूचना दी गई, जहां पीड़ित परिवार ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बॉक्स हाईवे पर लुटेरों का बढ़ता खतरा, पुलिस के लिए चुनौतीवारदात ने एक बार फिर हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाईवे पर बदमाशों की यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी बाइक सवार बदमाश इस क्षेत्र में लूट की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। हालांकि पुलिस ने कुछ मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन हालिया घटना से साफ है कि हाईवे लुटेरों का गिरोह अब भी सक्रिय है और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

## श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद थमा

# 17 सितंबर को होगा अनावरण समारोह

# पुलिस लाइन चौराहे के पास स्थापित होगी मूर्ति

रीवा।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापना को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद आखिरकार शांत हो गया है। पुलिस लाइन चौराहा स्थित स्थल पर नगर निगम द्वारा पुनः कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशासनिक अड़चनों के चलते जो कार्य कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, वह अब पुनः गति पकड़ चुका है। कांग्रेस ने 17 सितंबर को प्रतिमा अनावरण का भव्य आयोजन तय किया है, जिसमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा जिस स्थान पर प्रतिमा स्थापना का कार्य शुरू किया गया था, उस पर पुलिस विभाग ने आपत्ति जताई थी। विभाग की ओर से यह तर्क दिया गया कि उक्त भूमि पुलिस की है और वहां भविष्य में आवासीय कॉलोनी का प्रस्ताव है। इस आधार पर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी। इस निर्णय के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया था और इसे प्रशासनिक अड़चन नहीं,



बल्कि राजनीतिक दबाव करार दिया था। इस प्रकरण के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए 17 सितंबर को बड़े जनसमूह के साथ स्थल पर एकत्र होने की घोषणा की थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और कांग्रेस प्रतिनिधियों के बीच बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रभारी कलेक्टर सौरभ सोनवणे, महापौर अजय मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। आपसी सहमति के बाद यह तय किया गया कि पूर्व निर्धारित स्थल पर ही प्रतिमा स्थापित की जाएगी।बॉक्सरात में मूर्ति की स्थापना, तैयारियों को मिल रही अंतिम रूपरेखाशनिवार को देर रात महापौर अजय मिश्रा स्वयं स्थल पर पहुंचे और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। प्रतिमा को उसके निर्धारित स्थान पर स्थापित कर दिया गया है, अब अनावरण कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। नगर निगम की टीम ने आसपास की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का काम भी तेज कर दिया है।बॉक्स 17 सितंबर को होगा भव्य अनावरण कांग्रेस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 17 सितंबर को स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिधार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल), सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, विधायक राजेन्द्र सिंह, अभय मिश्रा, सिद्धार्थ कुशवाहा सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। पद्मधर पार्क में एक विशाल जनसभा का भी आयोजन प्रस्तावित है, जहां ये सभी नेता आमजन को संबोधित करेंगे।बॉक्स भाजपा सांसद का बयान भी बना चर्चा का विषयइस पूरे मामले में भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का बयान भी सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन प्रशासन को भूमि चयन का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा पुलिस अपनी छाती में थोड़ी लगवाएगी मूर्ति, जहां जगह हो वहां लगनी चाहिए। जानबूझकर राजनीतिक रोटी सेकने का काम हो रहा है मूर्ति लगाने में कोई दिक्कत नहीं है मूर्ति लगनी चाहिए स्थल का चयन प्रशासन को करने दें, जहां प्रशासन चाहे वहां मूर्ति लगा दे, राजनीतिक पाखंड नहीं होना चाहिए।

## मोहन जीजा जी गाने वाली गायिका राखी द्विवेदी ने कवयित्री स्नेहा त्रिपाठी की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मऊगंज** गंभीर बीमारी से जूझ रही चर्चित कवयित्री स्नेहा त्रिपाठी के इलाज में मदद के लिए समाज के विभिन्न वर्ग आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में उभरती हुई कलाकार राखी द्विवेदी ने स्नेहा त्रिपाठी की माताजी से भेंट कर 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।गौरतलब है कि राखी द्विवेदी ने देवतालाब में मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन पर प्रस्तुत किए गए गीत "मोहन जीजाजी हमार" से विशेष पहचान बनाई थी। इस गीत ने न केवल उन्हें चर्चाओं में ला दिया, बल्कि मुख्यमंत्री ने मंच से ही उनकी कला की सराहना करते हुए उन्हें 50 हजार रूपए का पुरस्कार देने की घोषणा भी की थी। इलाज हेतु तात्कालिक आर्थिक सहयोग की अपील करते हुए राखी द्विवेदी ने सभी से निवेदन किया कि वे केवल नीचे दिए गए खातों में ही अपनी मदद राशि भेजें।

द्विवेदी ने कहा कि "स्नेहा दीदी हमारी साहित्यिक धरोहर हैं। उनके स्वस्थ होने से ही साहित्यिक परिवार को संबल मिलेगा। मैं चाहती हूं कि समाज का हर व्यक्ति अपनी सामर्थ्य अनुसार योगदान करे।"उन्होंने प्रशासन से भी विशेष सहयोग की मांग



की और भोलेनाथ से प्रार्थना की कि कवयित्री शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः साहित्य की सेवा कर सकें।

## बसपा प्रदेश महासचिव जयवीर सिंह सेंगर का सरकार पर बड़ा हमला

मऊगंज

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव, इंजीनियर जयवीर सिंह सेंगर ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बीते 20 वर्षों से प्रदेश में भाजपा की सरकार और 25 वर्षों से देवतालाब विधानसभा में भाजपा के विधायक होने के बावजूद जनता आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन हकीकत यह है कि यह सरकार अब दलालों और ठेकेदारों की सरकार बन चुकी है। जनता के पैसों का रोज़ाना शोषण हो रहा है, किसान आत्महत्या करने की कगार पर पहुंच रहे हैं जयवीर सिंह सेंगर ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है और हर गली-मोहल्ले में दलालों का जाल फैला हुआ है। जनता की जेब लुट रही है, लेकिन भाजपा



नेताओं को केवल चुनावी राजनीति और वोट की चिंता है बसपा नेता ने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता को इस ₹झूठे वादों की सरकार₹ को जवाब देना होगा और अपने हक़ की लड़ाई के लिए एकजुट होना होगा।

## 19 साल से अटकी पदोन्नति, रीवा संभाग के सैकड़ों प्राध्यापक आज भी इंतजार में

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं जागा उच्च शिक्षा विभाग, छह साल से ठंडे बस्ते में फाइल**

**रीवा।** जिला समेत सम्भाग के सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ प्रोफेसर्स को 19 साल बीतने के बाद भी पदोन्नति का लाभ नहीं मिला। करीब छः वर्ष पहले विभाग ने सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ प्राध्यापकों की संयुक्त वरिष्ठता सूची जारी की थी। इस अनंतिम वरिष्ठता सूची में एडी रीवा क्षेत्र के 88 महाविद्यालयों में पदस्थ तकरीबन दो सौ प्राध्यापकों के नाम रहे, जिन्हें पदोन्नति मिलने के आसार बने थे लेकिन अब छः साल से फिर फाइल ठंडे बस्ते में है। जबकि उक्त कार्यवाही हाईकोर्ट के आदेश पर हुई थी। हाइकोर्ट की इंदौर खण्डपीठ ने गत 8 जनवरी 2019 को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए विभाग को प्राध्यापकों को पदोन्नत करने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के पालन में विभाग प्राध्यापकों की वरिष्ठता सूची जारी करके सो गया, जिसे अब तक इन प्राध्यापकों को पदोन्नति देने होश नहीं आ पाया है। हालांकि बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट से हाल ही में निर्णय लिया गया है कि पदोन्नति प्राध्यापक सीधी भर्ती के प्राध्यापको से वरिष्ठ होंगे। बॉक्स रीवा क्षेत्र के ही आधा सैकड़ा से अधिक प्राध्यापक पदोन्नति की आस मेंविभाग की इस लापरवाही के कारण जाने कितने प्राध्यापक पदोन्नति से वंचित रह गए। अकेले एडी रीवा क्षेत्र के ही आधा सैकड़ा से अधिक प्राध्यापक पदोन्नति की आस में सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो जाने पर अब संबंधित प्रोफेसर्स को अन्य कोई लाभ भी मिलने की उम्मीद नहीं है। विभाग के घटिया रवैये से इन सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का सामाजिक व आर्थिक नुकसान हुआ है। पदोन्नति न मिलने से संबंधित प्राध्यापकों को हुए इस नुकसान की भरपाई अब विभाग कभी नहीं कर सकेगा। बॉक्स वरिष्ठता के आधार पर बनाई थी,सूची जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गयागौरतलब है, शासन के निर्देश पर विभाग ने 1 जुलाई 1977 से 31 मार्च 1986 तक सरकारी कॉलेज में पढ़ाने वाले संविदा शिक्षकों का नियमितीकरण किया था। तब विभाग ने लापरवाहीपूर्वक सहायक प्राध्यापक पद पर नियमितीकरण की 4 सूची जारी की थी। यह सूची 1987 में क्रमशः 4 मार्च, 10 मार्च, 17 मार्च और 10 जून को जारी हुई। नियमितीकरण की उक्त एकजाई सूची न होने से अधिकांश प्राध्यापकों की वरिष्ठता का गणित गड़बड़ा गया। तीन वर्ष पूर्व विभाग ने हाइकोर्ट के आदेश पर एक ही सूची वरिष्ठता के आधार पर बनाई थी, जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। बॉक्सअब तक मिली महज 1 पदोन्नतिनियमानुसार प्रत्येक लोकसेवक को हर 10 साल में पदोन्नति मिलनी चाहिए। इस तरह प्राध्यापकों को 30-35 वर्ष के सेवाकाल में कम से कम 3 पदोन्नति मिलनी चाहिए थी। इसके विपरीत इन प्राध्यापकों को अपने सेवाकाल में महज 1 पदोन्नति से ही संतोष करना पड़ा, जो वर्ष 2006 में इन प्राध्यापकों को मिली। इस पर भी विभाग द्वारा पैदा की गई विसंगतियों के चलते कई प्राध्यापक न्यायालय की शरण में चले गए, जहां पदोन्नति प्रकरणों का ढेर लगता गया। इस मामले में अब हाइकोर्ट से प्राध्यापकों को राहत मिली है।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 3269/स्टोर/2025 रीवा,दिनांक - 11/09/25

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2025-26**

प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा द्वारा कंप्यूटर / प्रिंटर कार्टेज/ फोटोकॉपी मशीन रिपेयरिंग सम्बन्धित सामग्री के आपूर्ति एवं रख-रखाव का कार्य । इन्वर्टर बैटरी/ए.सी. रिपेयरिंग / सम्बंधित सामग्री के आपूर्ति एवं रख-रखाव का कार्य सी.सी.टी.वी कैमरा रिपेयरिंग एवं सम्बन्धित सामग्री के आपूर्ति एवं रख-रखाव का कार्य। स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति हेतु स्वच्छता सामग्री के आपूर्ति हेतु विद्युत सामग्री एवं रिपेयरिंग संबंधी कार्य। एल्युमीनियम सेक्शन, दरवाजा, खिड़की, लोहे की जाली सामग्री के आपूर्ति एवं रख-रखाव का कार्य । प्लम्बरिंग मटेरियल रिपेयरिंग एवं सम्बंधित सामग्री के सम्बन्धित सामग्री के आपूर्ति एवं रख-रखाव का कार्य वाटर कूलर वाटर आर. ओ. प्लांट एवं आर. ओ 10 ली. 25 ली.50 ली.क्षमता वाले से सम्बंधित सामग्री के क्रय एवं रिपेयरिंग का कार्य। महाविद्यालय की पुरानी /रद्दी उत्तर पुस्तिका एवं न्यूज पेपर के विक्रय हेतु खेल-कूद से सम्बंधित सामग्री पुस्तकालय (पुस्तक क्रय) से सम्बंधित सामग्री (द्वितीय अवसर) महाविद्यालय में टेंट सम्बंधित कार्य (द्वितीय अवसर) ।फ्लैक्स / बैनर / विनायल / पोस्टर /प्रपत्र एवं मीडिया / प्रचार संबंधी कार्य एवं नोटिस बोर्ड / दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य, अलग-अलग आकर में (द्वितीय अवसर)। संगीत विभाग से सम्बंधित वाद्य यंत्र क्रय एवं सुधार का कार्य (द्वितीय अवसर) अग्निशामक यंत्र रिफिल व नये अग्निशामक यंत्र का कार्य (द्वितीय अवसर) महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का कार्य (द्वितीय अवसर) टैक्सी / इनोवा / इनोवा समकक्ष गाड़ी एवं बस किराये से लेने के कार्यो (द्वितीय अवसर) हेतु निविदा दिनांक 03.10.2025 शाम 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा एवं महाविद्यालय की वेबसाइट www.trscollege.com से प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)